# अर्थव्यवस्था के लिए गेमचेंजर होगी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट

## योगी ने कहा, नए सेक्टर के लिए मिल रहे प्रस्ताव

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में 10 से 12 फरवरी तक होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए गेमचेंजर होगी। यह यूपी को दस खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश बनाने में मदद करेगी।

अपने आवास पर सोमवार रात मोटे अनाज के एक भोज कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि 2023-24 के लिए यूपी का बजट जनता की अपेक्षा के अनुरूप होगा। इसमें प्रदेश सरकार की औद्योगिक विकास और निवेश नीतियों को भी जगह मिलेगी। यूपी की सबसे बड़ी ताकत उर्वरा भूमि और जल संसाधन है। इससे कृषि विकास दर को दो अंकों तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यूपी की दूसरी बड़ी ताकत श्रम शक्ति है। बेहतरीन कानून-व्यवस्था की स्थिति है। निवेशकों को सुशासन व सुरक्षा व्यवस्था का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस बार फार्मा, लॉजिस्टक, फिनटेक, मेडिकल डिवाइस पार्क, फूड प्रोसेसिंग, बायोफ्यूल, हाइड्रोजन एनर्जी, नवीनीकृत ऊर्जा के क्षेत्र में बड़े निवेश प्रस्ताव मिल रहे हैं।



### दुनिया के निवेशकों की यूपी पर नजर

योगी ने कहा कि यूपी के पास देश का सबसे बड़ा एमएसएमई बेस है। 96 लाख यूनिटें प्रदेश में हैं। दुनिया का हर बड़ा निवेशक व देश का हर बड़ा उद्यमी यूपी में निवेश करना चाहता है। इससे लाखों नौजवानों को यूपी में रोजगार मिलेगा।

### जी-20 भी बड़ा अवसर

मुख्यमंत्री ने कहा कि जी-20 सम्मेलन यूपी की क्षमताओं को वैश्विक मंच पर रखने का बड़ा अवसर है। प्रदेश और देश में इन्हीं 20 देशों से विकास आएगा।

- सीएम ने बताया कि पूर्व नौकरशाहों को विश्वविद्यालयों में भेजा जाएगा। वहां जाकर वे युवाओं की आवश्यकता पर बात करेंगे।